मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-120
03/03/2019

शहीद पिंटू कुमार सिंह के निकटतम आश्रित को मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष से 25 लाख रूपये की राशि देने का दिया आदेश

पटना 03 मार्च 2019 :– जम्मू–कश्मीर के हंदवाड़ा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में बेगूसराय जिला के बखरी प्रखण्ड के बगरस ध्यान चक्की गांव के रहने वाले सी0आर0पी0एफ0 के अधिकारी पिंटू कुमार सिंह के शहीद होने पर उनके निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से 11 लाख रूपये की राशि उपलब्ध करायी जा चुकी है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज शहीद पिंटू कुमार सिंह के निकटतम आश्रित को मुख्यमंत्री राहत कोष से 25 लाख रूपये की राशि देने का आदेश दिया है।

******